पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

राज्यपाल जी ने इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा कोविड प्रभावित जनपदों को भेजे जाने वाली राहत सामग्री की गाड़ियों को झण्डी दिखाकर रवाना किया

सामाजिक एवं स्वयं सेवी संगठन जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 31 मई, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश राज्य शाखा द्वारा कोविड–19 से प्रभावित प्रदेश के 11 जनपदों (लखनऊ, कानपुर नगर, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी, अयोध्या एवं बहराइच) को भेजे जाने वाली राहत सामग्री के वाहनों को राज्यपाल जी ने आज राजभवन से झण्डी दिखाकर रवाना किया। राहत सामग्री में मास्क, साबुन, सेनेटाइजर, मेडिकल गाउॅन, प्लस आक्सीमीटर एवं ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर भेजे जा रहे हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि कोरोना संकट के समय मे सामाजिक एवं स्वयं सेवी संगठनों को लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए ताकि जरूरतमंदो की मदद की जा सके।

कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, श्री महेश कुमार गुप्ता, विशेष सचिव श्री बद्री नाथ सिंह, रेडक्रास सोसायटी के सभापति श्री संजीव मेहरोत्रा, उपसभापति श्री अखिलेंद्र शाही तथा महासचिव डॉ0 हिमाबिन्दु नायक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (228/15)

महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल
द्वारा
कोविड राहत सामग्री का वितरण
UP32NN6335

महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल
द्वारा
कोविड राहत सामग्री का वितरण